The subconscious mind is like a bottomless well, there are no limits as to how much it can store @Sw_Mukundananda

वेबसाइट में यूनिवर्सिटी व इंस्टीट्यूट्स को देनी होगी सारी डिटेल

यूजीसी ने जारी की गाइडलाइन, बताया क्या है वेबसाइट पर मेंडेटरी

kanpur@inext.co.in

KANPUR (18 Oct): स्टूडेंट्स को एडमिशन के पहले यूनिवर्सिटी या इंस्टीट्यूट्स के बारे में जानने के लिए चक्कर नहीं काटने होंगे. सिर्फ एक क्लिक पर यूनिवर्सिटी की सारी डिटेल्स सामने होंगी. इसका फायदा केवल स्टूडेंट्स को ही नहीं बल्कि गार्जियन को भी मिलेगा. वो बच्चे के एडमिशन के समय सारी डिटेल्स ले सकेंगे. यूजीसी ने गाइडलाइन जारी करते हुए मिनिमम मेंडेटरी कंटेट को बताया है. सभी यूनिवर्सिटी व हायर एजूकेशनल इंस्टीट्यूट्स को वेबसाइट को मिनिमम कंटेंट से मेनटेन रखना होगा जिसमें एक क्लिक पर संस्थानों की कुंडली तो होगी ही स्टूडेंट्स को सभी कुछ पानी की तरह साफ होगा.

एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को यह होगा फायदा

सभी कुछ वेबसाइट पर होने से एडमिशन के पहले स्टूडेंट अपने मतलब की सारी जानकारी ले सकेगा. अभी तक कोई भी जानकारी न मिलने पर स्टूडेंट्स को संस्थान में जाना पड़ता है. ऐसे में कई संस्थान एडमिशन लेने के लिए स्टूडेंट के सामने सब कुछ वेरी गुड बताकर एडमिशन के लिए राजी कर लेते थे. स्टूडेंट को एडमिशन के बाद पता चलता था कि उनके साथ चीटिंग की गई है. सारी जानकारी वेबसाइट पर होने के कारण संस्थान किसी गलत जानकारी को शो नहीं कर पाएंगे.

यूजीसी की गाइडलाइन के तहत ऐसे मेनटेन करनी होगी वेबसाइट

एबाउट: एबाउट अस-ओवरव्यू, एक्ट, इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट प्लान, एनुअल रिपोर्ट, एफिलिएटेड कॉलेज या आफ कैंपस, नैक ग्रेड, एनआईआरएफ रैंक और स्टडी इन इंडिया.

एडमिनिस्ट्रेशन: यूनिवर्सिटी आर्गेनम चार्ट, चांसलर, वीसी, प्रोवीसी, रजिस्ट्रार, फाइनेंस आफिसर, कंट्रोलर आफ एग्जाम, चीफ विजिलेंस आफिसर, एकेडमिक काउंसिल, एग्जीक्यूटिव काउंसिल और एकेडमिक लीडरशिप की प्रोफाइल फोटो के साथ.

एकेडमिक्स: एकेडमिक प्रोग्राम, एकेडमिक कैलेंडर, स्कूल या डिपार्टमेंट या सेंटर्स, डिपार्टमेंट वाइस फैकल्टी, लाइब्रेरी.

एडमिशन एंड फीस: प्रास्पैक्टस (लिंक और साफ्ट कॉपी), एडमिशन (लिंक), एडमिशन गाइडलाइन फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट, फैसिलिटीज (इंटरनेशनल स्टूडेंट्स), फीस (हर प्रोग्राम की) और फीस रिफंड पॉलिसी.

रिसर्च: रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, पब्लिकेशंस, पेटेंट्स, फॉरेन कोलेबरेशन, इंडस्ट्री कोलेबरेशन, सेंट्रल फैसिलिटी, एमओयू और शोधगंगा (लिंक).

स्टूडेंट लाइफ: हॉस्टल, फेलोशिप या स्कॉलरशिप (लिंक), एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (लिंक), डिजीलॉकर एनएडी (लिंक) और नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (लिंक).

कैंपस हार्मोनी एंड वेल बीइंग: ई समाधान (लिंक), स्टूडेंट ग्रीवांस रेड्रेसल कमेटी, इंटरनेशनल क्वालिटी एस्योरेंस सेल, इंटरनल कंप्लेंट कमेटी, एंटी रैगिंग सेल विथ हेल्प लाइन, इक्वल अपारच्युनिटी सेल और सोशियो इकोनॉमिकली डिसएडवांटेज ग्रुप सेल.

एलुमिनाई: एलुमिनाई एसोसिएशन और एलुमिनाई कोआर्डिनेशन सेल (लिंक).

इंफार्मेशन कार्नर: आरटीआई, सर्कुलर एंड नोटिस, एनाउंसमेंट, न्यूजलेटर, न्यूज, रिसेंट इवेंट एंड एचीवमेंट, जॉब ओपनिंग और रिजर्वेशन रोस्टर.

कांटेक्ट एस: टेलीफोन डायरेक्ट्री और ईमेल आईडी.